# छत्तीसगढ़ पी.सी.एस.

# प्रारंभिक परीक्षा-2018

# सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-1)

**समयः 2 घंटे** **अधिकतम अंकः 200**

1. किस संविधान संशोधन के द्वारा संविधान की उद्देशिका में तीन नए शब्द 'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष' एवं ' राष्ट्र की अखंडता' जोड़े गए?
   (a) 36वाँ संविधान संशोधन
   (b) 40वाँ संविधान संशोधन
   (c) 42वाँ संविधान संशोधन
   (d) 45वाँ संविधान संशोधन
   (e) 47वाँ संविधान संशोधन
2. समलैंगिकता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
   (a) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 177
   (b) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 277
   (c) भा. द. सं. (IPC) की धारा 377
   (d) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 377
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
3. संविधान सभा की संविधान निर्माण से संबंधित 'प्रक्रिया नियम समिति' एवं 'संचालन समिति' की अध्यक्षता किसने की थी?
   (a) सरदार वल्लभभाई पटेल
   (b) डॉ. बी. आर. अंबेडकर
   (c) जवाहरलाल नेहरू
   (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (e) एच. सी. मुखर्जी
4. भारत के महान्यायवादी से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) संविधान के अनुच्छेद 82 के अंतर्गत भारत के महान्यायवादी के पद का प्रावधान किया गया है।
   (b) महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है।
   (c) यह देश का सर्वोच्च कानून अधिकारी होता है।
   (d) यह भारत सरकार को विधि मामले में ऐसे विषयों पर सलाह देता है, जो राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए हैं।
   (e) संविधान के अनुच्छेद 76 के अंतर्गत भारत के महान्यायवादी के पद का प्रावधान किया गया है।
5. संविधान के प्रावधानों के अनुसार किसी राज्य में पंचायतों के 'तीन स्तर' के कार्य करने की व्यवस्था हेतु उस राज्य की कुल जनसंख्या कम-से-कम कितनी होने का प्रावधान है?
   (a) पचास लाख (b) चालीस लाख
   (c) तीस लाख (d) बीस लाख
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।
6. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' से संबंधित **नहीं** है?
   (a) न्यायालयों में लंबित मानवाधिकारों, जैसे- हिंसा संबंधी मामलों में हस्तक्षेप करना।
   (b) पिछड़े वर्गों में अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना।
   (c) मानवाधिकार के उल्लंघन से संबंधित मामलों की जाँच करना।
   (d) मानवाधिकार से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संधि समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन।
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।
7. निम्नलिखित में से किन्हें भारत में 'राष्ट्रीय दल' के रूप में मान्यता प्राप्त है?
   (i) सीपीआई (एम)
   (ii) राष्ट्रीय लोक दल
   (iii) एनसीपी
   (iv) शिवसेना
   (v) सीपीआई
   (vi) डीएमके
   (vii) बीएसपी

   कूटः

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (vi) | (vii) |
| (c) | (iii) | (iv) | (v) | (vii) |
| (d) | (i) | (iii) | (v) | (vii) |
| (e) | (vi) | (vii) | (v) | (iv) |

8. राष्ट्रपति अपनी किस शक्ति के तहत, यदि लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद रिक्तता की स्थिति हो तो ऐसी स्थिति में सदन के किसी भी सदस्य को अध्यक्षता सौंप सकता है?
   (a) कार्यकारी शक्ति (b) विधायी शक्ति
   (c) वित्तीय शक्ति (d) न्यायिक शक्ति
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
9. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कार्य नीति आयोग से संबंधित है/हैं?
   (a) सहयोगात्मक संघवाद का विकास करना
   (b) विकास प्रक्रिया में निर्देश और रणनीति परामर्श देना
   (c) राष्ट्रीय विकास के लिये एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना
   (d) आर्थिक नियोजन और नीति-निर्माण में राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करना
   (e) उपर्युक्त सभी।

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. असम, भूटान तथा बांग्लादेश की सीमाओं से लगा हुआ है।
    2. पश्चिम बंगाल, भूटान तथा नेपाल की सीमाओं से लगा हुआ है।
    3. मिज़ोरम, बांग्लादेश तथा म्याँमार की सीमाओं से लगा हुआ है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
    (a) 1, 2 तथा 3 (b) केवल 1 तथा 2
    (c) केवल 2 तथा 3 (d) केवल 1 तथा 3
    (e) इनमें से कोई नहीं।
11. लघु हिमालय स्थित है, मध्य में-
    (a) ट्रांस हिमालय और महान हिमालय के
    (b) शिवालिक और महान हिमालय के
    (c) ट्रांस हिमालय और शिवालिक के
    (d) शिवालिक और बाह्य हिमालय के
    (e) ट्रांस हिमालय एवं बाह्य हिमालय के
12. जहाँ पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट मिलते हैं, वहाँ निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ियाँ अवस्थित हैं?
    (a) अन्नामलाई पहाड़ियाँ (b) कार्डमम पहाड़ियाँ
    (c) नीलगिरि पहाड़ियाँ (d) शेवराय पहाड़ियाँ
    (e) शिवालिक पहाड़ियाँ
13. कयाल क्या है?
    (a) तराई मैदान (b) गंगा डेल्टा
    (c) दक्कन का रेगुड़ (d) केरल के लैगून
    (e) बालू के टीले
14. चंबल घाटी के खोह-खड्डों के निर्माण का कारण निम्नलिखित में से किस प्रारूप का अपरदन है?
    (a) आस्फालन (b) चादरी
    (c) क्षुद्र सरिता (d) अवनालिका
    (e) हिम सरिता
15. हरियाली योजना संबंधित है-
    (a) फसल प्रबंधन (b) मृदा प्रबंधन
    (c) जल प्रबंधन (d) वन प्रबंधन
    (e) पशु प्रबंधन
16. 'हाइड्रोजन विज़न- 2025' संबंधित है-
    (a) पेट्रोलियम उत्पाद के भंडारण से
    (b) यूरो-I तथा यूरो-II वाहन से
    (c) ग्रीन हाउस प्रभाव से
    (d) जलवायु परिवर्तन से
    (e) इनमें से कोई नहीं।
17. भिलाई स्टील प्लांट भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किस देश के सहयोग से स्थापित किया था?
    (a) सोवियत संघ (b) ब्रिटेन
    (c) जर्मनी (d) पोलैंड
    (e) ऑस्ट्रेलिया
18. प्रधानमंत्री भारत जोड़ो परियोजना संबंधित है-
    (a) संचार से
    (b) सामाजिक एकीकरण से
    (c) नदियों के जुड़ाव से
    (d) राजमार्गों के विकास से
    (e) रेलवे के विकास से
19. भारत में नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से जनगणना किस वर्ष प्रारंभ हुई?
    (a) 1861 (b) 1871
    (c) 1881 (d) 1891
    (e) 1981
20. चंदबरदाई द्वारा रचित 'पृथ्वीराज रासो' की निम्नलिखित में से प्रमुख विशेषता क्या है?
    (a) कश्मीर के राजवंशों की क्रमबद्ध जानकारी
    (b) पृथ्वीराज चौहान की उपलब्धियों का वर्णन
    (c) शुंग वंश के बारे में जानकारी
    (d) हर्ष की उपलब्धियों का वर्णन
    (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
21. दक्षिण भारत में नवपाषाणकालीन संस्कृति के विकास के साक्ष्य निम्नलिखित में से कहाँ से प्राप्त हुए हैं?
    (a) नागार्जुन कोंडा (b) बेल्लारी
    (c) हल्लूर (d) (a) एवं (b) दोनों
    (e) उपर्युक्त में से सभी।
22. 'गौतम' ने किसका प्रतिपादन किया था?
    (a) न्याय (b) जैन
    (c) बौद्ध (d) चार्वाक
    (e) इनमें से कोई नहीं।
23. 'महाभिनिष्क्रमण' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
    (a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म
    (c) सांख्य दर्शन (d) न्याय दर्शन
    (e) इनमें से कोई नहीं
24. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (मौर्य प्रशासन के अध्यक्ष एवं विभाग) सुमेलित है?
    (a) कुप्याध्यक्ष- शराब व मदिरा विभाग
    (b) सुराध्यक्ष - वन एवं उसकी संपदा विभाग
    (c) सूत्राध्यक्ष- कताई-बुनाई विभाग
    (d) पौतवाध्यक्ष- जहाज़रानी विभाग
    (e) सूनाध्यक्ष- पासपोर्ट विभाग

25. अधोलिखित में से कौन एक फारसी भाषा में लिखित 'मुहम्मद अमीन काज़विनी' का साहित्य है?
(a) शाहजहाँनामा (b) पादशाहनामा
(c) अकबरनामा (d) बाबरनामा
(e) हुमायूँनामा

26. वर्ष 1943 की प्रमुख घटनाएँ निम्नलिखित में से कौन-सी थीं?
1. मुस्लिम लीग ने 'पाकिस्तान दिवस' मनाने का आह्वान किया
2. सुभाष चंद्र बोस को आज़ाद हिंद फौज का सर्वोच्च सेनापति घोषित किया गया
3. सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अस्थाई सरकार की स्थापना की
4. महिलाओं से संबंधित 'रानी झाँसी रेजिमेंट' झाँसी की रानी महारानी लक्ष्मीबाई ने बनाई

सही उत्तर चुनिये:
(a) 1, 2, 4 (b) 2, 3, 4
(c) 3, 4, 1 (d) 1, 2, 3
(e) 1, 2, 3, 4

27. 1859 के पश्चात् निम्नलिखित लोकप्रिय हुए:
1. पाबना विद्रोह
2. संथाल विद्रोह
3. नील आयोग का गठन
4. नील विद्रोह की पहली घटना बंगाल के नदिया ज़िले के गोविंदपुर गाँव में हुई

सही उत्तर चुनिये:
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 4, 3, 2 (d) 1, 2, 4
(e) 1, 3, 4

28. संगमकालीन 'कर प्रणाली' या 'राजस्व' से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िये:
1. संगमकाल में भूमिकर नकद या अनाज दोनों रूपों में वसूल किया जाता था।
2. इस काल में युद्ध से लूटा हुआ धन भी आय का एक मुख्य साधन था।
3. इस काल में भूमि, निर्वतन के अनुसार मापी जाती थी।
4. इस काल में कर अदा करने वाले क्षेत्र की एक प्रसिद्ध इकाई 'वरियमवारि' थी।

सही उत्तर चुनिये:
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 3, 4, 1 (d) 4, 3, 2
(e) 1, 2, 3, 4

29. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत 'बोर्ड ऑफ कंट्रोल' की स्थापना की गई थी?
(a) पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784
(b) चार्टर अधिनियम, 1793
(c) चार्टर अधिनियम, 1813
(d) चार्टर अधिनियम, 1853
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

30. वर्ष 1886 में हुए भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?
(a) विलियम वेडरबर्न (b) बदरुद्दीन तैय्यबजी
(c) दादाभाई नौरोजी (d) फिरोजशाह मेहता
(e) विशन नारायण धर

31. 'गांधी-इरविन' समझौता कब हुआ था?
(a) 5 मार्च, 1931 को
(b) 19 जनवरी, 1931 को
(c) 28 दिसंबर, 1931 को
(d) 7 दिसंबर, 1931 को
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

32. निम्नलिखित में से किसने 'आर्य महिला सभा' की स्थापना की थी?
(a) पंडिता रमाबाई
(b) डॉ. आत्माराम पांडुरंग
(c) आर.जी. भंडारकर
(d) महादेव गोविंद रानाडे
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

33. जब भारतीय रिज़र्व बैंक नकद आरक्षित अनुपात (CRR) में कमी की घोषणा करता है, तब इसका/इसके अर्थ है/हैं-
(a) संघीय सरकार के पास उधार देने के लिये कम मुद्रा रहेगी
(b) व्यापारिक बैंकों के पास उधार देने के लिये पहले की अपेक्षा अधिक मुद्रा रहेगी
(c) भारतीय रिज़र्व बैंक के पास उधार देने के लिये कम मुद्रा रहेगी
(d) उपर्युक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं।

34. भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय समावेशन की मध्यवार कार्य योजना तैयार करने के उद्देश्य से किस समिति का गठन किया था?
(a) नचिकेत मोर समिति
(b) दीपक पारिख समिति
(c) दीपक मोहंती समिति
(d) ऊषा थोराट समिति
(e) इनमें से कोई नहीं।

35. निम्नलिखित में से कौन-सा घटक गैर-योजनागत व्यय से संबंधित **नहीं** है?
    (a) रोज़गार सृजन पर व्यय
    (b) ब्याज अदायगी पर व्यय
    (c) सब्सिडी पर व्यय
    (d) वेतन तथा पेंशन पर व्यय
    (e) इनमें से कोई नहीं।

36. वस्तु एवं सेवा कर को कब लागू किया गया था?
    (a) मई 2015 (b) जुलाई 2017
    (c) सितंबर 2016 (d) अक्टूबर 2018
    (e) इनमें से कोई नहीं।

37. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (भारत के प्रमुख शहर एवं संबंधित उद्योग) सुमेलित **नहीं** है?
    (a) कपूरथला - चमड़ा उद्योग
    (b) कोयंबटूर - सूती वस्त्र उद्योग
    (c) कांचीपुरम- रेशम वस्त्र उद्योग
    (d) बाराबंकी - पॉली फाइबर
    (e) गुरुग्राम - ऑटोमोबाइल

38. मई 2016 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' की पात्रता के लिये निर्धारित प्रमुख मापदंडों में से निम्नलिखित में से क्या सही **नहीं** है?
    (a) आवेदक एक बीपीएल कार्डधारक ग्रामीण निवासी होना चाहिये।
    (b) आवेदक परिवार के घर में पहले से एलपीजी कनेक्शन नहीं होना चाहिये।
    (c) आवेदक कम-से-कम 17 वर्ष की आयु पूरी की हुई महिला होनी चाहिये।
    (d) आवेदक 18 वर्ष की आयु पूरी की हुई या इससे ऊपर की महिला होनी चाहिये।
    (e) इनमें से कोई नहीं।

39. वेल्थ ऑफ नेशन्स पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?
    (a) सैम्युल्सन (b) एडम स्मिथ
    (c) मार्शल (d) रॉबिन्स
    (e) इनमें से कोई नहीं।

40. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. पोमीकल्चर | i. मृदा रहित कृषि |
| B. ओलेरीकल्चर | ii. बागबानी |
| C. हॉर्टीकल्चर | iii. सब्जियों का उत्पादन |
| D. हाइड्रोपोनिक्स | iv. फलों का उत्पादन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

41. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह केंद्र सरकार का बैंकर है।
    2. यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये मौद्रिक नीतियाँ तैयार करता तथा निगरानी करता है।
    3. यह सभी अनुसूचित बैंकों के बैंक खाते व्यवस्थित करता है तथा भारत सरकार के ऋणदान कार्यक्रम को भी संचालित करता है।
    4. यह देश में मुद्रा व साख की मांग एवं पूर्ति के मध्य संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये:
    (a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
    (c) 3, 4 और 1 (d) 1 और 2
    (e) उपरोक्त सभी।

42. निम्नलिखित को कालक्रमिक आधार पर व्यवस्थित करें।
    1. आईसीआईसीआई बैंक की स्थापना
    2. एचडीएफसी बैंक की स्थापना
    3. राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक की स्थापना
    4. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना

    कूट:
    (a) 4, 3, 2, 1 (b) 3, 2, 1, 4
    (c) 2, 3, 4, 1 (d) 1, 2, 3, 4
    (e) 3, 4, 1, 2

43. इकोमार्क उन भारतीय उत्पादों को दिया जाता है जो-
    (a) शुद्ध एवं मिलावट रहित हों
    (b) प्रोटीन समृद्ध हों
    (c) पर्यावरण के प्रति मैत्रीपूर्ण हों
    (d) आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य हों
    (e) इनमें से कोई नहीं।

44. दो भिन्न समुदायों के बीच का संक्रांति क्षेत्र कहलाता है-
    (a) इकोटाइप (b) इकेड
    (c) इकोस्फीयर (d) इकोटोन
    (e) इस्टोडर्म

45. निम्नलिखित में से कौन-सा कृत्रिम पारिस्थितिकी तंत्र है?
    (a) धान का खेत (b) वन
    (c) घास के मैदान (d) झील
    (e) नदियाँ

46. 'सीखो और कमाओ' योजना किस मंत्रालय से संबंधित है?
   (a) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
   (b) रक्षा मंत्रालय
   (c) विदेश मंत्रालय
   (d) रेलवे मंत्रालय
   (e) वित्त मंत्रालय

47. ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस इंडेक्स (2018) में भारत का स्थान है?
   (a) 71 (b) 72
   (c) 73 (d) 74
   (e) 77

48. विश्व हेपेटाइटिस दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है?
   (a) 28 जुलाई (b) 28 फरवरी
   (c) 28 मई (d) 28 अगस्त
   (e) 23 जनवरी

49. किस उच्च न्यायालय ने राज्य में गायों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु स्वयं को इनका वैधानिक अभिभावक नियुक्त किया है?
   (a) इलाहाबाद उच्च न्यायालय
   (b) कलकत्ता उच्च न्यायालय
   (c) बॉम्बे उच्च न्यायालय
   (d) उत्तराखंड उच्च न्यायालय
   (e) इनमें से कोई नहीं।

50. वर्ष 2018 में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?
   (a) मुंबई (b) हैदराबाद
   (c) बंगलूरू (d) नई दिल्ली
   (e) इनमें से कोई नहीं।

51. रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर हैं-
   (a) राजीव कुमार (b) उर्जित पटेल
   (c) शक्तिकांत दास (d) अनूप अग्रवाल
   (e) रघुराम राजन

52. वर्तमान में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
   (a) रघुराम राजन (b) बीपी सिंह
   (c) भूपेश बघेल (d) प्रीति सरन
   (e) सुनील अरोड़ा

53. स्किल इंडिया अभियान का राजदूत किसे बनाया गया है?
   (a) वरुण धवन और अनुष्का शर्मा
   (b) काजोल एवं अजय देवगन
   (c) सचित तेंदुलकर व सानिया मिर्ज़ा
   (d) रोहित शर्मा और करीना कपूर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

54. एनीमोमीटर से निम्नलिखित में से किसका मापन किया जाता है?
   (a) पानी के बहाव की गति का
   (b) पानी की गहराई
   (c) पवन का वेग
   (d) प्रकाश की तीव्रता
   (e) इनमें से कोई नहीं।

55. कूनों-पालपुर वन्यजीव अभ्यारण्य स्थित है–
   (a) गोवा (b) मध्य प्रदेश
   (c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश
   (e) इनमें से कोई नहीं।

56. शुद्ध सोना कितने कैरेट का होता है?
   (a) 22 (b) 24
   (c) 28 (d) 23
   (e) 26

57. निम्न में से किस कोशिकांग को 'एटम बम' कहते हैं?
   (a) सूक्ष्मनलिका (b) न्यूक्लिओलस
   (c) गॉल्जीकाय (d) लाइसोसोम
   (e) इनमें से कोई नहीं।

58. विटामिन क्या होते हैं?
   (a) अकार्बनिक यौगिक (b) कार्बनिक यौगिक
   (c) जीवित जीव (d) रासायनिक यौगिक
   (e) इनमें से कोई नहीं।

59. छत्तीसगढ़ में कल्चुरियों की रतनपुर शाखा के किस शासक ने केवल तांबे के सिक्के चलाए थे?
   (a) रत्नदेव द्वितीय (b) पृथ्वीदेव द्वितीय
   (c) जाजल्यदेव प्रथम (d) प्रतापमल्ल
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

60. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (विद्रोह एवं व्यक्ति) सुमेलित है?
   (a) मुड़िया विद्रोह - झाड़ा सिरहा
   (b) कोई विद्रोह - धुरवा राव
   (c) लिंगागिरि का विद्रोह - नागुल दोरला
   (d) भूमकाल का विद्रोह - दलगंजन सिंह
   (e) हलबा विद्रोह - दरियादेव

61. सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ के पाँच पांडव के नाम से प्रसिद्ध व्यक्तियों में से कौन 'अर्जुन' की भूमिका में रहा?
   (a) वामनराव लाखे
   (b) लक्ष्मीमहंत नारायण दास
   (c) ठाकुर प्यारेलाल
   (d) मौलाना अब्दुल रउफ
   (e) शिवदास डागा

62. छत्तीसगढ़ में ताहूतदारी पद्धति का सूत्रपात किसने किया था?
   (a) कैप्टन ब्लंट (b) कैप्टन सेंडीस
   (c) लेफ्टिनेंट इलियट (d) मिस्टर एगन्यू
   (e) मिस्टर मेंसल

63. छत्तीसगढ़ के मराठा शासन काल में ग्राम रक्षक का पदनाम क्या था?
   (a) बड़कर (b) कोतवाल
   (c) चौहान (d) गोंटिया
   (e) पोतदार

64. छत्तीसगढ़ के किस राजवंश के राजाओं की उपाधि 'त्रिकलिंगाधिपति थी?
   (a) वाकाटक वंश (b) शरभपुरीय वंश
   (c) सोमवंश (d) नलवंश
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

65. 'ढांढल नृत्य' संबंधित है-
   (a) कोरकु जनजाति से
   (b) भतरा जनजाति से
   (c) बिंझवार जनजाति से
   (d) मंझवार जनजाति से
   (e) इनमें से कोई नहीं।

66. निम्नलिखित में से किस जनजाति को सर्वाधिक गोदना प्रिय जनजाति के रूप में स्वीकार किया जाता है?
   (a) बिरहोर (b) बैगा
   (c) पहाड़ी कोरवा (d) कमार
   (e) इनमें से कोई नहीं।

67. छत्तीसगढ़ की 'कंघी' बनाने वाली जाति कौन-सी है?
   (a) परजा (b) भतरा
   (c) कंवर (d) बंजारा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

68. इनमें से कौन-सी जोड़ी (वैवाहिक संस्कार गीत एवं समय विशेष) सुमेलित है?
   (a) भड़ैनी - बारातियों के भोजन के समय
   (b) परघैनी - विवाह आरंभ के समय
   (c) भांवर - दुल्हन की विदाई के समय
   (d) चूलमाटी - बारात के स्वागत के समय
   (e) तेलचघी- विवाह के फेरे के समय

69. मांदरी नृत्य से संबंधित जनजाति है-
   (a) अबुझमाड़िया (b) उरांव
   (c) मुड़िया (d) बैगा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

70. छत्तीसगढ़ की लोक गाथा पंडवानी के वेदमती शैली से संबंधित **नहीं** है?
   (a) झाड़ूराम देवांगन (b) पुनाराम निषाद
   (c) पंचूराम (d) तीजन बाई
   (e) इनमें से कोई नहीं।

71. छत्तीसगढ़ की किस जनजाति की प्रचलित बोली 'कुरुख' है?
   (a) मुरिया (b) गोंड़
   (c) बैगा (d) भतरा
   (e) उरांव

72. छत्तीसगढ़ को भौतिक बनावट के आधार पर कितने भागों में बाँटा गया है?
   (a) 3 (b) 4
   (c) 5 (d) 6
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

73. छत्तीसगढ़ में टिन का सर्वाधिक संचित भंडार है-
   (a) दंडकारण्य में (b) सरगुजा में
   (c) महानदी बेसिन में (d) कोरबा में
   (e) बिलासपुर में

74. इनमें से कौन-सी जोड़ी (नदी एवं उद्गम स्थल) सुमेलित है?
   (a) ईब नदी - लूड़ेंग पहाड़ी
   (b) बनास नदी - मांजटोली की पहाड़ी
   (c) कन्हार नदी - भातृगढ़ पहाड़ी
   (d) हसदो नदी - खुरजा पहाड़ी
   (e) पैरी नदी - कैमूर पहाड़ी

75. जैव भौगोलिक दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ राज्य किसके अंतर्गत आता है?
   (a) डेक्कन क्षेत्र (b) पश्चिमी घाट
   (c) गंगा का मैदान (d) तटीय प्रदेश
   (e) इनमें से कोई नहीं।

76. अमृतधारा जलप्रपात किस ज़िले में है-
   (a) धमतरी (b) महासमुंद
   (c) कोरिया (d) सूरजपुर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

77. इनमें से कौन-सी जोड़ी (जलप्रपात एवं संबंधित ज़िला) सुमेलित है?
   (a) तीरथगढ़ जलप्रपात - बस्तर
   (b) चित्रकोट जलप्रपात - कांकेर
   (c) मंडावा जलप्रपात - कोरबा
   (d) कैलासगुफा जलप्रपात - सरगुजा
   (e) केंदई जलप्रपात - रायगढ़

78. छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के तहत निम्नलिखित में से कौन-सा कर ग्राम पंचायत द्वारा अध्यारोपित अनिवार्य कर में शामिल **नहीं** है?
(a) संपत्ति कर (b) प्रकाश कर
(c) बाज़ार फीस (d) कांजी हाउस फीस
(e) पशु पंजी फीस

79. रायपुर में पंचायतों से संबंधित गोलमेज सम्मेलन कब हुआ था?
(a) जून 2004 (b) मई 2005
(c) अप्रैल 2008 (d) सितंबर 2006
(e) मार्च 2008

80. सर्वाधिक नगर निगम वाला ज़िला है-
(a) रायपुर (b) बिलासपुर
(c) दुर्ग (d) राजनांदगाँव
(e) इनमें से कोई नहीं।

81. राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित भाव के आधार पर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017–18 के अग्रिम अनुसार प्रतिव्यक्ति आय है-
(a) ₹92035 (b) ₹93025
(c) ₹95032 (d) ₹90523
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

82. छत्तीसगढ़ राज्य के 2018–19 के बजट अनुमान में राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व कितना है?
(a) ₹26030.00 करोड़ (b) ₹24438.04 करोड़
(c) ₹34200.00 करोड़ (d) ₹32153.04 करोड़
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

83. छत्तीसगढ़ राज्य के बजट अनुमान (2018–19) में शासकीय कर्मचारियों की संख्या बताई गई है-
(a) 312891 (b) 303778
(c) 322278 (d) 259700
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

84. राज्य बजट 2018–19 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने अपने कुल खर्च का कितना प्रतिशत स्वास्थ्य पर आवंटित किया है?
(a) 4.5% (b) 5.5%
(c) 6.5% (d) 3.5%
(e) इनमें से कोई नहीं।

85. छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2018–19 में कृषि बजट के लिये कितने रुपए का प्रावधान किया गया है?
(a) 13 हज़ार 480 करोड़ रुपए
(b) 14 हज़ार 107 करोड़ रुपए
(c) 11 हज़ार 700 करोड़ रुपए
(d) 12 हज़ार 200 करोड़ रुपए
(e) इनमें से कोई नहीं।

86. बजट (2018–19) भाषण में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य में कितने नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना की बात कही थी?
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9
(e) इनमें से कोई नहीं।

87. छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में कौन-सी औद्योगिक नीति लागू है?
(a) औद्योगिक नीति 2013–18
(b) औद्योगिक नीति 2014–19
(c) औद्योगिक नीति 2015–19
(d) औद्योगिक नीति 2014–2020
(e) इनमें से कोई नहीं।

88. जनगणना 2001 से 2011 के मध्य छत्तीसगढ़ राज्य में जनसंख्या वृद्धि हुई-
(a) 22.61 प्रतिशत (b) 21.04 प्रतिशत
(c) 23.51 प्रतिशत (d) 20.76 प्रतिशत
(e) इनमें से कोई नहीं।

89. जनगणना 2011 के अनुसार छत्तीसगढ़ में महिला-पुरुष लिंगानुपात में सर्वाधिक एवं न्यूनतम लिंगानुपात वाले ज़िले क्रमशः हैं-
(a) दंतेवाड़ा एवं रायपुर
(b) नारायणपुर एवं कबीरधाम
(c) कोण्डागाँव एवं रायपुर
(d) बस्तर एवं मुंगेली
(e) इनमें से कोई नहीं।

90. छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र कत्था संयंत्र कहाँ स्थित है?
(a) सूरजपुर (b) सरगुजा
(c) कांकेर (d) रायगढ़
(e) इनमें से कोई नहीं।

91. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (पार्क एवं ज़िला) सुमेलित है?
(a) एपारेल पार्क - राजनांदगाँव
(b) एग्रो पार्क - बस्तर
(c) इंजीनियरिंग पार्क - रायपुर
(d) आई.टी. पार्क - दुर्ग
(e) पॉली पार्क - धमतरी

92. 'हमर छत्तीसगढ़ योजना' की शुरुआत कब हुई थी?
(a) 1 जुलाई, 2015 (b) 1 जुलाई, 2016
(c) 1 नवंबर, 2016 (d) 3 मार्च, 2015
(e) इनमें से कोई नहीं।

93. प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के क्रियान्वयन में संपूर्ण भारत में छत्तीसगढ़ किस स्थान पर है?
   (a) प्रथम (b) द्वितीय
   (c) तृतीय (d) चतुर्थ
   (e) इनमें से कोई नहीं।

94. छत्तीसगढ़ की 'महतारी जतन योजना' की शुरुआत किस ज़िले से हुई थी?
   (a) बेमेतरा (b) दुर्ग
   (c) कोरिया (d) धमतरी
   (e) रायपुर

95. प्रधानमंत्री आवास योजना में छत्तीसगढ़ के किस ज़िले ने पूरे देश में 8वाँ स्थान प्राप्त किया है?
   (a) बालोद (b) दुर्ग
   (c) रायपुर (d) बिलासपुर
   (e) महासमुंद

96. छत्तीसगढ़ का प्रथम स्काईवॉक प्लेटफार्म कहाँ बनाया जा रहा है?
   (a) भिलाई
   (b) रायपुर
   (c) बिलासपुर
   (d) कोरबा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

97. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस लोक कलाकार को जापान के अंतर्राष्ट्रीय फुकुओका कला सम्मान से नवाजा गया है?
   (a) रितु वर्मा (b) तीजन बाई
   (c) फिदाबाइ मरकाम (d) केदार यादव
   (e) इनमें से कोई नहीं।

98. 24वें अखिल भारतीय वन खेलों में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब किस राज्य ने जीता?
   (a) मध्य प्रदेश (b) मेघालय
   (c) छत्तीसगढ़ (d) अरुणाचल प्रदेश
   (e) आंध्र प्रदेश

99. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश श्री अजय कुमार त्रिपाठी को पद एवं गोपनीयता की शपथ किसने दिलवाई?
   (a) श्री बलराम दास टंडन ने
   (b) श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने
   (c) श्री रामनरेश यादव ने
   (d) श्री लालजी टंडन ने
   (e) इनमें से कोई नहीं।

100. छत्तीसगढ़ की 5वीं विधानसभा में निर्वाचित महिला सदस्यों की संख्या है–
   (a) 10 (b) 11
   (c) 12 (d) 13
   (e) इनमें से कोई नहीं।

# छत्तीसगढ़.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (मॉडल पेपर-1) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 35. | (a) | 69. | (c) |
| 2. | (c) | 36. | (b) | 70. | (d) |
| 3. | (d) | 37. | (a) | 71. | (e) |
| 4. | (a) | 38. | (c) | 72. | (b) |
| 5. | (d) | 39. | (b) | 73. | (a) |
| 6. | (b) | 40. | (d) | 74. | (b) |
| 7. | (d) | 41. | (e) | 75. | (a) |
| 8. | (b) | 42. | (e) | 76. | (c) |
| 9. | (e) | 43. | (c) | 77. | (a) |
| 10. | (a) | 44. | (d) | 78. | (d) |
| 11. | (b) | 45. | (a) | 79. | (a) |
| 12. | (c) | 46. | (a) | 80. | (c) |
| 13. | (d) | 47. | (e) | 81. | (a) |
| 14. | (d) | 48. | (a) | 82. | (a) |
| 15. | (c) | 49. | (d) | 83. | (c) |
| 16. | (a) | 50. | (d) | 84. | (b) |
| 17. | (a) | 51. | (c) | 85. | (a) |
| 18. | (d) | 52. | (e) | 86. | (a) |
| 19. | (c) | 53. | (a) | 87. | (b) |
| 20. | (b) | 54. | (c) | 88. | (a) |
| 21. | (a) | 55. | (b) | 89. | (c) |
| 22. | (a) | 56. | (b) | 90. | (b) |
| 23. | (a) | 57. | (d) | 91. | (b) |
| 24. | (c) | 58. | (b) | 92. | (b) |
| 25. | (b) | 59. | (d) | 93. | (a) |
| 26. | (d) | 60. | (a) | 94. | (c) |
| 27. | (e) | 61. | (c) | 95. | (a) |
| 28. | (e) | 62. | (b) | 96. | (b) |
| 29. | (a) | 63. | (c) | 97. | (b) |
| 30. | (c) | 64. | (c) | 98. | (c) |
| 31. | (a) | 65. | (a) | 99. | (a) |
| 32. | (a) | 66. | (b) | 100. | (d) |
| 33. | (b) | 67. | (d) | | |
| 34. | (c) | 68. | (a) | | |